# आदेश

निदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 01.09.2026 को जारी किए गए मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद नैनीताल में दिनांक 02.09.2026 को **"Orange Alert"** की चेतावनी जारी की गई है जिससे जनपद क्षेत्रान्तर्गत कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने/गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने एवं वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। वर्तमान में जनपद के समस्त (पर्वतीय एवं मैदानी) क्षेत्रों में वर्षा हो रही है जिसके फलस्वरूप जनपद क्षेत्रान्तर्गत नदियों/नालों/गधेरों, में तेज जल प्रवाह होने एवं संवेदनशील स्थलों में भू–स्खलन होने की सम्भावना है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। तद्क्रम में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत **दिनांक 02.09.2026 (बुद्धवार)** को जनपद नैनीताल के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में **01 दिवसीय अवकाश** घोषित किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं।

अतः मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए **02.09.2026 (बुद्धवार)** को जनपद नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं), एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे, साथ ही विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षकगण एवं कार्यालय स्टाफ हेतु भी अवकाश अनुमन्य रहेगा। **उक्त आदेश नैनीताल शहर क्षेत्रान्तर्गत संचालित आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं विद्यालयों पर लागू नही होगा, जहॉ छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हैं।** मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, नैनीताल को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त समस्त शैक्षणिक संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में उक्त आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करायेंगे।

विचलन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

ह0/
(ललित मोहन रयाल)
जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नैनीताल।

## कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, नैनीताल

दूरभाष सं0: 05942–231178/231179/231181 ई–मेल deocnainital@gmail.com

संख्या: 1861 /13–सी॰आर॰ए॰(आ॰प्र॰प्राधि॰)/2026 दिनांक: 01 सितम्बर, 2026

प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. आयुक्त महोदय, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
3. मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल।
4. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नैनीताल।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद–नैनीताल।
6. मुख्य शिक्षाधिकारी, जिला शिक्षाधिकारी (माध्यमिक/बेसिक) एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनपद नैनीताल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस आदेश की सूचना समस्त सम्बन्धितों को ससमय से पहुचाना सुनिश्चित करेंगे।
7. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल को दैनिक समाचार–पत्रों के माध्यम से निःशुल्क प्रसारित करने हेतु प्रेषित।

1.9.26

(सौरभ असवाल)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि॰/रा॰)/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,नैनीताल।

Scanned with CamScanner